# गुरुओं के चरणों में समर्पण का महासंगम

**जयपुर।**
जयपुर के JECC परिसर में शनिवार को गुरुपूर्णिमा पर्व एक भव्य आध्यात्मिक आयोजन में तब्दील हो गया। 20 हजार से अधिक श्रद्धालु पूज्य संत कमलेश जी महाराज के दर्शन को पहुंचे, और ह्यगुरु देवो भवःह्ल की गूंज से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

संत परंपरा, श्रद्धा और राष्ट्रचेतना का अद्वितीय संगम
गुरुपूर्णिमा महोत्सव केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं रहा, यह बना श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता का विराट मंच।

पूज्य कमलेश जी महाराज ने अपने उद्बोधन में भावुक होते हुए कहा– "यह भक्तों का प्रेम ही मेरी शक्ति है। यही मार्गदर्शन है, यही मेरा संबल।"

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा– "गुरु के बिना जीवन में कोई दिशा नहीं होती। मैं आज जो भी हूं, वह मेरे गुरु का ही आशीर्वाद है। मेरी विधानसभा क्षेत्र में महाराज जी का आश्रम होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।"

राजनीति, समाज और सेवा–सभी हुए गुरुचरणों में नतमस्तक
महोत्सव में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, कैलाश वर्मा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी, जिला अध्यक्ष अमित गोयल, नगर निगम ग्रेटर उपमहापौर पुनीत कर्णावत सहित कई जनप्रतिनिधियों ने संतों का वंदन कर समाज को गुरु भक्ति का संदेश दिया।

**मदन राठौड़ बोले–**
"गुरु चाहे जीवन का हो या राजनीति का, वह हर दिशा में सफलता का आधार है। पूज्य महाराज जी के दर्शन मेरे लिए सौभाग्य का क्षण हैं।"



जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा–
"जिस पर रामजी की कृपा हो, उस पर फिर सबकी कृपा होती है। और रामकृपा का सबसे श्रेष्ठ मार्ग है संतों के चरणों में शीश नवाना। यह आयोजन समाज को आध्यात्मिक दिशा देता है।"

गायत्री भवन परिवार बना जनआस्था का केन्द्र
गुरुपूर्णिमा के इस महाआयोजन में गायत्री भवन परिवार की सेवा, समर्पण और संस्कार की भावना ने आयोजन को नई ऊंचाई दी। पिछले 25 वर्षों से समाज सेवा, साधना और संस्कार के कार्य कर रहे इस परिवार ने हजारों श्रद्धालुओं के भावनात्मक जुड़ाव को मूर्त रूप दिया।

**पूज्य कमलेश जी महाराज का सम्मान रहा मुख्य आकर्षण**
गुरु वंदन के दौरान जैसे ही महाराज श्री मंच पर पधारे, श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। गुरु देवो भवः के सामूहिक घोष ने आयोजन को आध्यात्मिक चरम पर पहुँचा दिया।

"संतों का सम्मान, समाज का उत्थान" बना आयोजन का मूल मंत्र
पूज्य कमलेश जी महाराज ने कहा– "धर्म और कर्म, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। समाज को जोड़ने के लिए प्रेम और विचारों की सहमति जरूरी है।" यही संदेश आयोजन की आत्मा बन गया।

**भविष्य का संकल्प–सेवा, श्रद्धा और सामाजिक जागरण**
गुरुपूर्णिमा महोत्सव के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट हुआ कि आध्यात्मिक गुरु समाज निर्माण में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। यह आयोजन न केवल भक्ति का पर्व था, बल्कि समाजिक चेतना, सद्भाव और नवचेतना का नया अध्याय भी।

## पुलिस थाना मालवीय नगर में अभिषेक उर्फ नवलकिशोर को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**



पुलिस उपायुक्त (अपराध) श्री कुन्दन कंवरिया के मार्गदर्शन में जयपुर शहर में वाहन चोरी, नकबजनी एवं अन्य चोरी की बढती वारदातों को मध्यनजर रखते हुए में क्राइम ब्रांच की सीएसटी को आसूचना संकलित कर वाहन चोरों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु श्री रिछपाल सिंह, अति. पुलिस उपायुक्त, संगठित अपराध के निकट सुपरविजन एवं नेतृत्व में उ.र.ळ. आयुक्तालय जयपुर की टीम द्वारा पुलिस थाना मालवीय नगर जयपुर (पूर्व) में संयुक्त कार्यवाही कर शातिर वाहन चोर अभिषेक उर्फ बक्शी को गिरफ्तार किया गया।

## आरोपी यतेन्द्र सिंह को देशी कटटा सहित किया गया गिरफतार

**देश का दर्पण न्यूज**



श्री दिगंत आनंद IPS पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) द्वारा जयपुर दक्षिण के थाना क्षेत्रों में अवैध हथियारो के खिलाफ चलाये जा रहे आपरेशन "आग" के तहत समस्त थानाधिकारी जयपुर दक्षिण को निर्देश दिए गए थे, जिस पर श्री ललित किशोर शर्मा फ्ढर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) के सुपरविजन में श्री योगेश कुमार चौधरी सहायक पुलिस आयुक्त वृत सोडाला जयपुर (दक्षिण) के निर्देशन में श्रीमती गुंजन पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना महेश नगर जयपुर (दक्षिण) के नेतृत्व में श्री सत्यवीर सिंह एचसी 438, श्री भीम सिंह एचसी 2110, श्री सुभाष चन्द कानि 3526, श्री ओमप्रकाश कानि 6519, श्री जितेन्द्र कानि 12020 की टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा दिनांक 11/07/2025 को आसूचना संकलन कर दौराने गश्त व निगरानी बदमाशान करते हुये मुखबीर खास की सुचना पर मकान न एच 43 रामनगर विस्तार स्वेज फार्म पर दबिश दी जाकर आरोपी यतेन्द्र सिंह उर्फ भोला पुत्र श्री ओमप्रकाश सिंह जाटव उम्र 22 साल निवासी गांव आसना अजीतपुर थाना मण्डराल जिला अलीगढ उत्तरप्रदेश हाल किरायेदार प्लाट न0 एच 43 रामनगर विस्तार थाना महेश नगर जयपुर दक्षिण के कब्जे से एक देशी कटटा बरामद किया जाकर प्रकरण दर्ज कर मुल्जिम से हथियार प्राप्ति के स्त्रोत के बारे में अनुसंधान जारी है। मुल्जिम वर्तमान में न्यायालय आदेश से पुलिस अभिरक्षा में है।

## पुलिस कालिका पैट्रोलिग टोम कैंप फुलेरा की बड़ी कार्रवाई

देश का दर्पण न्यूज




श्री आनन्द शर्मा आईपीएस उप महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र-स्कुलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों व भीड़?भाड वालों वाले क्षेत्रों में महिलाओं व बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार, छेड़?छाड़ की घटनाओं की रोकथाम हेतु अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनिया आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसआईयूसीएडब्ल्यू) श्री बृजमोहन मीणा आरपीएस व वृताधिकारी वृत सांभरलेक श्री अनुपम मिश्रा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में पुलिस कालिका पेट्रोल टीम कैंप फुलेरा के द्वारा आज दिनांक 12.07.2025 को स्कुलों कॉलेजों धार्मिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त करते हुए कस्बा नरैना में महिला के साथ अभद्र व्यवहार कर भागते हुए दो मनचलो को डिटेन कर पुलिस थाना नरैना को सुपुर्द किया, अग्रिम कार्रवाई करते हुए थानाधिकारी थाना नरैना श्री धर्मसिंह उपनिरीक्षक द्वारा दोनों मनचलों अनिल निवासी घोद रोड लक्ष्मी विहार थाना सदर सीकर व प्रमोद निवासी शान्ति नगर थाना सदर सीकर जिला सीकर को धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया।

## कोटेदार की मनमानी से परेशान ग्रामीण सैकड़ो काड़ धारक कोटेदार के घर को घेरा

**बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट**



कोटेदार ने लगवा लिया फिंगर नहीं दिया काड़ धारकों को राशन
कार्ड धारक काट रहे हैं कोटेदार के घर का चक्कर से ग्रामीण नाराज उच्च अधिकारी से लगाई जांच की गुहार
राजा मला बहराइच के विकासखंड रिसिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमवा मौलवी का है जहां पर कोटेदार के खुल के मनमानी चल रही है
कर धारकों से फिंगर लगवा कर कोटेदार अपने घर का चक्कर कटवा रहा है फिर भी कर धारकों को राशन नहीं मिल पाता है
वही ग्रामीणों से मिली जानकारी की फिंगर लगवा कर के दे देता है पर्ची हाथ में कोटेदार अपनी मनमानी की हद पार कर काड़ धारकों को किसी को एक मंह किसी को दो माह नहीं मेरा राशन वही ग्राम पंचायत विद्यालय में आने वाल बच्चों का निवाला एमडीएम चावल में कोटेदार ने हड़फ कर की हेरा फेरी
मशीन बंद होने के बाद भी बट रहा है खाद्यान्न
कोटेदार चला रहे हैं अपनी मनमानी
क्या कोटेदार ऐसे करते रहेंगे मनमानी
क्या इन कोटेदारों पर होगी कोई कार्यवाही

## """उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले छः पुलिसकर्मियों को "कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ" अवार्ड से सम्मानित"

**देश का दर्पण न्यूज**
जयपुर पुलिस आयुक्त श्री बीजू जॉर्ज जोसफ ने शनिवार को पुलिस आयुक्तालय पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट, सराहनीय, मेहनत, लगन एवं समर्पण से कार्य करने वाले छः पुलिसकर्मियों को "कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ" अवार्ड से सम्मानित किया। जून माह 2025 का "कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ पुरस्कार के लिए जिला पूर्व से चिन्हित श्री रामवतार कानि० पुलिस थाना बजाजनगर के अन्तर्गत बरकत नगर में ज्वैलर्स की दुकान पर लूट करने की वारदात में शामिल अपराधियों की धर-पकड़ के लिये आस-पास के सीसीटीवी फुटेज चेक कर कड़ी मेहनत व लगन के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुये मुल्जिमों को गिरफ्तार करवाने में अहम भूमिका निभायी। जिला पश्चिम के श्री राजेन्द्र कुमार कानि० पुलिस थाना झोटवाडा ने प्लाट नम्बर 20 राजलक्ष्मी नगर निवारू रोड के बाहर से खेलते-खेलते गुम हुये 03 वर्षीय बच्चा सागर पुत्र धनजंय की त्वरित तलाश करते हुये नांगल पुलिया की दूसरी तरफ एक बन्द पड़ी थडी के पास बच्चे को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिवारजनों को सुपुर्द किया जो सराहनीय कार्य किया है। जिला उत्तर के श्री राकेश कुमार कानि० पुलिस थाना भट्टाबस्ती ने काफी समय से वांछित मुल्जिम अजीत खनीकर को डिब्रूगढ़ आसाम से गिरफ्तार किया।
अपहर्ता मुस्कान व आफरीन को बिहार से दस्तयाब किया। इसके अलावा एक मंदबुद्धी लड़की जो अमानीशाह नाले में गिर गयी थी, उसे नाले से निकाल कर हॉस्पीटल में भर्ती करवाकर परिजनों को सुपुर्द करने का सहरानीय कार्य किया।
जिला दक्षिण के श्री अनुज कुमार कानि० पुलिस थाना विधायकपुरी ने ऑटो रिक्शा व ई-रिक्शा में अकेली सवारियों के साथ नकबजनी की वारदात को अंजाम देकर सवारियों के आभूषण, नकदी एवं कीमती सामान चुराने वाली अन्तर्राज्यीय गुजराती गैंग की मुख्य महिला आरोपिया सहित चार अन्य महिलाओं को एवं मुख्य सरगना अर्जुन कांगिया को गिरफ्तार करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया उसके अलावा एवं लम्बे समय से फरार चल रहे वांछित मुल्जिम सलाम बेग जो होटल ढाबों पर गुंडागर्दी की वारदात करते थे, को गिरफ्तार करवाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।
श्री दामोदर कानि० यातायात शाखा, पश्चिम ने ड्यूटी पर सजगता से तैनात रहते हुये आमजन के साथ सद्व्यवहार करने व यातायात को सुगम संचालन में देर रात्री तक ड्यूटी कड़ी मेहनत व लगन से किया है।
श्री ओमप्रकाश नेहरा कानि० कार्यालय अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अपराध, आयुक्तालय जयपुर, नें पुलिस आयुक्त, कार्यालय के आपराधिक आंकडों का संकलन व वर्गीकरण करने का कार्य कड़ी मेहनत व लगन से किया है।

## पिडिता को खाने के बहाने होटल बुलाकर दुष्कर्म करने वाला मुल्जिम गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**



श्रीमती राशि डोगरा डूडी पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर ने बताया कि दिनांक 05.07.2025 को परिवादिया/पिडिता ने पुलिस थाना जालूपुरा पर उपस्थित होकर एक रिपोर्ट पेश कि की शिवलाल ने मेरी माँ को धर्म की बहन बना रखी थी तथा मै शिवलाल को मामा कहती थी जिसने दिनांक 22.03.2025 को मिलने के बहाने सिन्धी कैम्प बस स्टेण्ड के पास बुलाया तथा खाना खिलाने के बहाने होटल मे ले जाकर नशीला पेय पिलाकर मेरे साथ दुष्कर्म किया आदि रिपोर्ट पर मु.न. 125/2024 धारा-64(2)(ट), मे दर्ज कर अंनुसंधान प्रारम्भ किया गया।
घटना की गम्भीरता को देखते हुये मुल्जिम की गिरफ्तारी हेतु श्री बजरंग सिंह अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर द्वितीय व श्री अनुप कुमार सहायक पुलिस आयुक्त वृत कोतवाली जयपुर उत्तर के निर्देशन मे श्री हवासिंह मेगावा पु.नि. बानाधिकारी जयपुर उत्तर के नेतृत्व में श्री झाचरमल हैड कानि न. 1071, श्री अनिल कुमार कानि न. 6425 श्री मधुरेश बिहारी कानि न.6021 एवं श्री मन्यु राम कानि न. 9260साईबर सेल जयपुर उत्तर की एक विशेष टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा मुल्जिम की तकनीकी आधार पर लोकेशन प्राप्त कर दिनांक 11.07.2025 को देचु फलोदी से दस्तयाब किया गया एवं बाद अनुसंधान मुल्जिम शिवलाल को प्रकरण हाजा मे गिरफ्तार किया गया मुल्जिम से गहन अनुसंधान जारी है।

# मानसरोवर प्लाजा में बड़ा हादसा टला, जानलेवा खंभे बने खतरा जिम्मेदार बेपरवाह!

**जयपुर।** राजधानी के व्यस्त और पॉश इलाकों में शुमार मानसरोवर प्लाजा में लापरवाही किसी बड़ी त्रासदी को दावत दे रही है। 9 अप्रैल 2025 की शाम यहां एक जर्जर लोहे का खंभा अचानक एक खड़ी कार पर आ गिरा। सौभाग्य से कार में मौजूद युवक को समय रहते बाहर निकाल लिया गया, लेकिन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।घटना के वक्त युवक पास की एक एसी दुकान पर सामान लेने आया था। जोरदार आवाज सुनकर मौके पर भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। प्लाजा मैनेजर अजय सिंह शेखावत मौके पर पहुंचे और खंभे को अवैध स्वीकार करते हुए नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया। लेकिन तीन महीने गुजर जाने के बाद भी न कोई सहायता मिली और न ही मुआवजा। अब मैनेजर मालिक के विदेश में होने की दलील देकर जिम्मेदारी से बच रहे हैं। वहीं, पीड़ित युवक न्याय की आस में थानों



के चक्कर काट रहा है। गौरतलब है कि प्लाजा में अब भी कई खस्ताहाल खंभे लगे हुए हैं, जो आने वाले दिनों में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।पीड़ित ने FIR दर्ज करने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है, साथ ही प्रशासन से ऐसे जानलेवा खंभों को हटाने की गुहार भी लगाई है। सवाल अब यह उठता है क्या कोई बड़ा नुकसान होने के बाद ही जिम्मेदार जागेंगे?

## समरसेबल मोटर की केबल चोर को पकड़ा

**देश का दर्पण.दैनिक अखबार पत्रकार. राकेश कोठेनिया हलेना**



**भरतपुर...** थाना भुसावर पुलिस ने समरसेबल मोटर की केबल चोरी के मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला 26 जून 2025 को गांव कोटकी निवासी विजयसिंह पुत्र भग्गी भूरासिंह द्वारा दर्ज कराया गया था। विजयसिंह ने रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि बल्लभगढ़ निवासी रामकिशन पुत्र हीरालाल अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उसके खेत से समरसेबल मोटर की केबल चुरा ले गया। इस संबंध में भुसावर थाने में प्रकरण संख्या 213/25, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच कर रहे सहायक उप निरीक्षक बद्रीप्रसाद ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी सागर उर्फ मुकेश पुत्र धर्मी जाट उम्र 32 साल निवासी बल्लभगढ़ को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि इस मामले में मुख्य आरोपी रामकिशन को पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

## ईएपीएल द इवेंट मैनेजर्स एंड आर्टिस्ट प्रीमियर लीग का पोस्टर हुआ विमोचन

**जयपुर, 12 जुलाई**ः जयपुर में होगी एक अनोखी क्रिकेट प्रतियोगिता ह्यईएपीएल द इवेंट मैनेजर्स एंड आर्टिस्ट प्रीमियर लीगह्ल जिसका आयोजन 15 से 17 अगस्त 2025 तक किया जाएगा। इस आयोजन में राजस्थान के इवेंट मैनेजर्स और आर्टिस्ट्स भाग लेंगे जिसके पोस्टर का विमोचन एक भव्य समारोह में कल देर रात किया गया। कार्यक्रम में इवेंट इंडस्ट्री के कई दिग्गज ऋतुराज खन्ना, जेडी मेहता, मोहित माहेश्वरी, अनिल भाटी और अरशद हुसैन जैसे लोग उपस्थित थे। इस आयोजन के आयोजक यश माहेश्वरी ने कहा कि इस टेनिस बॉल टूनार्मेंट में 8 टीमें भाग लेंगी, हर टीम में 7 मेल और 1 फीमेल खिलाड़ी होंगे जो 8 ओवर के मुकाबलों होंगे जिसमें शार्ट बाउंड्री के साथ रोमांस का स्तर अलग होगा। पोस्टर लॉन्च के दौरान शहर के प्रमुख इवेंट आयोजक, आर्टिस्ट और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर उपस्थित रहे। मंच पर मौजूद अतिथियों ने ईएपीएल के विजन की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल इवेंट इंडस्ट्री और कलाकारों को एक मंच पर लाकर खेल और सामूहिकता को बढ़ावा देगी। ईएपीएल सिर्फ एक टूनार्मेंट नहीं, बल्कि जयपुर के इवेंट और कला क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए को एक नई ऊर्जा और जुड़ाव का माध्यम है।

# पाली में 'होम बेस्ड केयर' कार्यक्रम का शुभारंभ

### राजस्थान में पहली बार हुई पहल

**जयपुर/पाली, 12 जुलाई ।** ज़िले में राष्ट्रीय पैलिएटिव केयर कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण और अभिनव पहल की शुरूआत की गई। पूरे राजस्थान में पहली बार, गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए होम बेस्ड केयर (घर पर ही देखभाल) का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज पाली परिसर से किया गया है।
इस कार्यक्रम की शुरूआत कैबिनेट मंत्री श्री जोरा राम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर एक विशेष वाहन को रवाना किया ।
सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि इस वाहन से प्रशिक्षित चिकित्साकर्मियों की टीम के साथ ऐसे मरीजों के



घर जाकर उन्हें आवश्यक देखभाल और सहायता प्रदान करेगी जो गंभीर बीमारी के कारण अस्पताल में आकर इलाज लेने में असमर्थ है। राष्ट्रीय पालिवटिव केयर कार्यक्रम के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान सरकार द्वारा इसकी शुरूआत पाली जिले से की गई है । अन्य जिलों में भी शीघ्र यह सुविधा प्रारम्भ की जाएगी । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वेदान्त गर्ग, क्ष्य रोग अधिकारी डॉ. उजमा जबीन, पाली डेरी के चेयरमैन श्री प्रताप सिंह बींठिया , पाली प्रधान प्रतिनिधि श्री पुखराज पटेल, मेडिकल कॉलेज पाली के एनाटॉमी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनूप सिंह गुर्जर और पीएसएम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सलिल दुबे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनके अलावा, डॉ. प्रियंका कुमावत, डॉ. भारतेश एवं मेडिकल कॉलेज के अनेक विद्यार्थी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

## पुलिस थाना फुलेरा के हत्या के प्रकरण में 4 साल से फरार 5000 रुपये का ईनामी आरोपी किशन यादव उर्फ कृष्ण यादव को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**




आनन्द शर्मा आईपीएस उप महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा अवैध गतिविधियो व फरार व ईनामी वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान में अधिकाधिक सफलता हेतु अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनिया आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (दूदू) श्री शिवलाल बैरवा आरपीएस के निर्देशन में वृताधिकारी वृत्त सांभरलेक श्री अनुपम मिश्रा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी थाना नरैना श्री धर्मसिह उपनिरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।
गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कडी मेहनत कर कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना फुलेरा के प्रकरण सख्या 66/2022 धारा 147,148,149,452, 302,1208 आईपीसी व 3/25 आर्मस एक्ट में 04 साल से फरार 5000 रूपय का ईनामी वाछित आरोपी किशन यादव उर्फ कृष्ण यादव निवासी बोपडा थाना सदर भीवानी जिला भीवानी हरियाणा को डिटेन कर पुलिस थाना फुलेरा को सुपुर्द किया गया।

# नगर निगम डिप्टी कमिश्नर की गाड़ी के आगे बैठे लोग:एक माह से सीवर लाइन ठीक नहीं होने से परेशान, जमकर हंगामा किया

**जयपुर**
जयपुर के प्रतापनगर एरिया में आज लोगों ने नगर निगम की डिप्टी कमिश्नर ममता नागर का घेराव किया। पिछले एक माह से जाम पड़ी सीवर लाइन को ठीक करवाने के लिए लगातार शिकायतें करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों ने विरोध किया। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर जब मौके से जाने लगी तो लोग उनकी गाड़ी के आगे आकर बैठ गए। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर ने पुलिस बुला ली, लेकिन लोग नहीं माने।
स्थानीय निवासी गजेन्द्र सिंह और अन्य लोगों ने बताया- सेक्टर 17 के ब्लॉक 173 में सीवर लाइन पिछले डेढ़ महीने से जाम पड़ी है। इसकी कई बार जोन ऑफिस बगरू जाकर शिकायत कर दी, लेकिन हर बार डिप्टी कमिश्नर आश्वासन देती कि जल्दी इसे ठीक करवा देंगे। लेकिन अब तक ठीक नहीं हुई। इस कारण लोगों के घरों के बाहर सीवर का पानी भर रहा है, जिससे घरों में आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। बरसात में यहां पानी बहुत ज्यादा मात्रा में बहकर सड़कों पर आता है।
लोगों के घरों के बाहर सीवर का पानी भर रहा है।
लोगों के घरों के बाहर सीवर का पानी भर रहा है।

**स्वास्थ्य निरीक्षक से बहस, बोला जो करना है कर लेना**



लोगों के विरोध और घेराव के दौरान वहां मौजूद नगर निगम का स्वास्थ्य निरीक्षक(एसआई) कन्हैयालाल की लोगों से बहस हो गई। बहस के दौरान स्वास्थ्य निरीक्षण बोला- आपसे जो बनता है कर लेना, काम जब होगा तभी होगा। एसआई की इसी बात से लोग गुस्सा हो गए और जब डिप्टी कमिश्नर वहां से जाने लगी तो लोग उनकी गाड़ी के आगे बैठ गए।

**एक्सईएन को सख्ती से कहा है ठीक करवाने के लिए**
इधर जगतपुरा जोन ?उपायुक्त ममता नागर ने बताया- समस्या काफी समय से है।
कॉलोनी के सीवर चैम्बरों में मलबा भरा है, जिसे निकलवाने के बाद ही समस्या पूरी तरह से ठीक होगी। मैंने जोन एक्सईएन को सख्ती से कहा है कि इसे जल्द से जल्द ठेकेदार के जरिए ठीक करवाए, अगर ठेकेदार काम नहीं करता है तो उसे ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई करें।

**आज या कल तक हो जाएगी समस्या ठीक**
इधर जोन के एक्सईएन ब्रजेश गर्ग ने बताया- यहां एक मैन लाइन का चैम्बर अंदर से डेमेज हो गया था, जिसका बहुत सारा मलबा लाइन में फंस गया। इस कारण कॉलोनी में लाइन जाम हो गई थी। इस प्रोब्लम को ढूंढने और उसे ठीक करवाने में इतना समय लगा है। चैम्बर को रिपेयर करवा दिया है और मलबा भी निकलवा दिया है। अब छोटी लाइनों में थोड़ी गंदगी है, जिसे अगले 24 से 48

## मुंब्रा के अन्दर पासपोर्ट सुविधा केंद्र होने की मांग की है शमीम खान ने

**नेहाल ह**सन मुंब्रा से जनता कि सुविधा के लिए आमदार डॉ.जितेंद्र आव्हाड साहब के आदेशानुसार मुंब्रा शहर में पासपोर्ट सेवा केंद्र शुरू करने हेतु ठाणे जिल्हाधिकारी श्री.अशोक शिनगारे (क्अर) साहब को राष्ट्रवादी काँग्रेस शरदचंद्र पवार पक्ष के महाराष्ट्र महासचिव श्री.सय्यद अली अशरफ भाईसाहब, मा.विरोधिपक्ष नेता अशरफ शानू पठान की सहायता से मुंब्रा-कलवा विधानसभा अध्यक्ष श्री.शमीम अहमद खान ने निवेदन पत्र दिया। अपने निवेदन पत्र में श्री.शमीम अहमद खान ने जिल्हाधिकारी साहब को यह जानकारी दि के ठाणे जिल्हे के अंतर्गत आने वाला मुंब्रा शहर एक घनी आबादी वाला और निरंतर बढ़ती जनसंख्या वाला क्षेत्र है। यहां विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में कार्यरत नागरिक बड़ी संख्या में निवास करते हैं। लेकिन पासपोर्ट सेवा केंद्र की अनुपलब्धता के कारण स्थानीय नागरिकों को पासपोर्ट से संबंधित कार्यों के लिए ठाणे, नवी मुंबई या मुंबई तक जाना पड़ता है, जिससे समय, धन और श्रम की हानि होती है।

इस असुविधा के कारण विशेषकर वृद्ध, महिलाएं एवं छात्रवर्ग को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## आज दिनांक-12.07.2025 को मौजा-बुद्ध छपरा, थाना संख्या-534 पचरुखी में अफ्लअर हवाई एजेंसी के द्वारा ए.ळ.र मशीन ग्राम-त्रि-सीमाना जाँच कार्य प्रारंभ हो गया है।

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

सिवान, 12 जुलाई 2025 शनिवार को इसी प्रकार आगे की तिथि में सभी 19 अंचलों में किस्तवार का कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। जिला बंदोबस्त पदाधिकारी सिवान ने सभी सिवान जिला के ग्रामीण क्षेत्रो के रैयतों से आग्रह करते हुए कहा है,कि यदि उनके द्वारा भू-खंड से संबंधित कागजात, वंशावली उ्छफर ग्३ी पर अपलोड नहीं कराये है, तो



रैयत से अनुरोध है, कि वे स्वयं अपलोड करावें अथवा कार्यरत अमीन को मोबाईल संख्या, आधार कार्ड वांछित कागजात आदि उपलब्ध करावें। ताकि विशेष सर्वेक्षण कार्य को निर्वाध रूप से संपन्न कराया जा सके।

## पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी राकेश ख्यालिया के नेतृत्व गठित पुलिस ने हासिल की सफलता

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**

**विद्याधर** नगर उत्तर थाना पुलिस ने कामयाबी हासिल करते हुए पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी राकेश ख्यालिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तीन शातिर मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल करते हुए वारदात में काम में ली गई मोटरसाइकिल सहित मोबाइल फोन



बरामद किए। पुलिस ने मुलजिमों को गिरफ्तार करने के लिए थाना क्षेत्र के 250 से अधिक कैमरों के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर लूट की वारदात कर भागने के मार्गो में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की लगातार चैकिंग कर हुलिए के आधार पर खूलासा किया।

## अगले जन्म मोहे बिटिया ही कीजो: सुमन सलूजा

**दिनेश महता ,**
**बरवाला (हिसार)**

सेवा भारती सिलाई सेंटर में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हिंदी प्रवक्ता एवं कवयित्री सुमन सलूजा ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने सारगर्भित भाषण में कहा कि ह्लनारी अगर ठान ले, तो कोई भी बाधा उसे रोक नहीं सकती। शिक्षा और आत्मरक्षा



दोनों ही स्त्रियों की ताकत हैं। कार्यक्रम में सेवा भारती सिलाई सेंटर के संचालक मास्टर राम लाल जी, मास्टर रमेश जी व मास्टर कृष्ण जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं की भागीदारी को सराहा और कहा कि सेवा भारती का यह केंद्र नारी सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर बंटी ब्लैक टाइगर, जो कि एक अनुभवी ताई कमांडो हैं, ने उपस्थित लड़कियों को सेल्फ डिफेंस के विभिन्न हुनर सिखाए। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा की तकनीकें हर लड़की को आनी चाहिए ताकि वह हर परिस्थिति का साहसपूर्वक सामना कर सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं और बालिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे नारी जागरूकता की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

## जिला एथलेटिक्स संघ भीलवाड़ा व-23 एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता 15 जुलाई को

**सुरज वर्मा**

भीलवाडा मे जिला एथलेटिक्स संघ भीलवाड़ा के तत्वधान में ४-23 वर्ष तक के बालक - बालिका जिला भीलवाड़ा निवासी की एथेलेटिक्स प्रतियोगिता 15 जुलाई 25 को प्रातः 9 बजे से पोलोटेक्निकल कॉलेज तिलक नगर भीलवाड़ा ट्रैक पर आयोजित की जाएगी




जिला एथलेटिक्स संघ भीलवाड़ा के अध्यक्ष संजय पेडीवाल ने बताया इसमें बालक व बालिका की विभिन्न इवेंट जैसे 100 , 200 , 400 , 800 , 1500 , 5000 , 10000 मीटर दौड़ ऊंची कूद , लंबी कूद , त्रिकूद , गोला फेंक , तस्तरी फैंक, भाला फेंक , 20 किलोमीटर पैदल चाल दौड़, प्रतियोगिता आयोजित होगी । प्रतियोगी को प्रातः 8:30 बजे उक्त ट्रैक पर उपस्थित होकर पंजीयन कराना होगा।एथलीट का जन्म 5 अक्टुबर 2002 से 4 अक्टुबर 2009 के बीच होना चाहिए ,प्रतियोगी को अपना आधार कार्ड व जन्म की जानकारी के लिए मार्क शीट व जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना होगा

लाजपत राय आचार्य सचिव जिला एथेलेटिक्स संघ भीलवाड़ा ने बताया कि एथलीट के पास अत्रक्कका वक्ळनंबर होना जरूरी है, इस प्रतियोगिता में चयनित एथलीट राजस्थान एथेलेटिक्स संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दिनांक 29 , 30 जुलाई 25 को झुन्झुनू

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव रॉयल हेरिटेज रिसोर्ट में श्रद्धा और भक्ति साथ भव्य रूप से सम्पन्न

**नाकोड़ा ( बाड़मेर )**

**इस वर्ष** गुरु पूर्णिमा का पर्व नाकोड़ा रोड स्थित रॉयल हेरिटेज रिसोर्ट में बेहद भव्य और भावनात्मक माहौल में मनाया मीडिया प्रभारी दिनेश सालेचा मदुराई ने बताया कि जानेमाने वास्तुनरेश श्री अशोक गुरूजी सिरोही के सैकड़ों श्रद्धालु देशभर से इस अवसर पर पहुंचे और आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

बुधवार शाम से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था।



गुरुवार सुबह 9:30 बजे संगीतमय स्नात्र पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। दोपहर में भोजन पश्चात 2 बजे से गुरु पूजन कार्यक्रम आरंभ हुआ।इस दौरान अशोक गुरूजी विशेष रूप से रथ में सवार कर गाजे बाजे के साथ मंच तक पधारे । रास्ते में श्रदालुओं ने जयगुरुदेव के जयधोष के साथ पुष्प वर्षा की गई और पूरे माहौल में भक्ति की लहर दौड़ गई। मंच पर पहुंचने के बाद जाने-माने संगीतकार दीपक करनपुरिया व गायिका माधुरी वैष्णव ने गुरु भक्ति गीतों से सभी को भावविभोर कर दिया।

गुरु भक्तों ने अपने शब्दों और भावों से गुरूजी के प्रति गहरी श्रद्धा जताई, वहीं गुरूजी ने भी सबको भरपूर आशीर्वाद दिया और सभी के मंगल जीवन की कामना की।

पूजन के दौरान एक गुरु भक्त परिवार ने अक्षत व केसर से गुरूजी की वधामना की, जो पूरे कार्यक्रम का भावुक और भव्य क्षण था।

आयोजन की व्यवस्थाएं भी उल्लेखनीय रहीं। रॉयल हेरिटेज रिसोर्ट के मालिक नरेश जी और मोतीलालजी ने समूचे कार्यक्रम में किसी भी गुरु भक्त को कोई असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा। नैनाराम जी ने कैटरिंग की जिम्मेदारी बखूबी निभाई और हर समय स्वादिष्ट व स्नेहभरा भोजन उपलब्ध रहा। वहीं फोटोग्राफी की जिम्मेदारी मनवानी स्टूडियो (सोनू) ने संभाली और हर एक पल को कैमरे में खूबसूरती से कैद किया।

हर एक व्यवस्था इतनी शानदार और व्यवस्थित थी कि हर भक्त के चेहरे पर संतोष और श्रद्धा दोनों स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। यह गुरु पूर्णिमा महोत्सव गुरु भक्ति परंपरा में एक नई मिसाल बनकर दर्ज हो गया।

## बिहार अधिवक्ता कल्याण कोष: जानकारी के अभाव से अधिवक्ता परेशान

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**पटना, बिहार:** बिहार अधिवक्ता कल्याण न्यासी समिति , बिहार बार काउंसिल भवन, पटना-800001 से अधिवक्ता कल्याण कोष से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के प्रयासों में पारदर्शिता की कमी सामने आई है। एक अधिवक्ता द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई विस्तृत जानकारी के जवाब में समिति ने उल्टे प्रश्न पूछ लिए हैं, जिससे अधिवक्ताओं में निराशा और आक्रोश है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता प्रयाग कुमार ने बिहार अधिवक्ता कल्याण ट्रस्टी कमेटी से निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी मांगी थी:

* मुख्य पदाधिकारियों का विवरण: वर्तमान में बिहार अधिवक्ता कल्याण ट्रस्टी कमेटी, बार काउंसिल पटना के मुख्य पदाधिकारी (अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष आदि) कौन-कौन हैं और उनका पदनाम क्या है?

* कल्याण कोष में जमा राशि का विवरण: वर्तमान में बिहार अधिवक्ता कल्याण कोष में कुल कितनी राशि जमा है? इस राशि का विस्तृत विवरण, जिसमें विभिन्न स्रोतों से प्राप्त राशि और वर्तमान निवेशों का उल्लेख हो। * लंबित भुगतान और बकाया राशि: अभी तक कितने अधिवक्ताओं की मृत्यु के उपरांत उनके आश्रितों को बिहार अधिवक्ता कल्याण कोष से राशि प्रदान की जानी शेष है? यदि कोई राशि शेष है, तो प्रत्येक मामले में कितनी राशि बकाया है और इसके लंबित रहने का क्या कारण है?

* भुगतान प्रक्रिया और समय-सीमा: बिहार अधिवक्ता कल्याण कोष से किसी अधिवक्ता की मृत्यु पर उनके आश्रितों को राशि प्रदान करने की वर्तमान प्रक्रिया क्या है? इस प्रक्रिया में सामान्यतः कितना समय लगता है? आवश्यक दस्तावेजों और चरणों का विवरण।

* राशि बढ़ाने पर विचार: क्या बिहार अधिवक्ता कल्याण कोष से प्रदान की जाने वाली राशि को बढ़ाने के संबंध में कोई कार्यवाही चल रही है? यदि हाँ, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही हो रही है?

इन महत्वपूर्ण और जनहित से जुड़ी जानकारियों के जवाब में, समिति की ओर से यह कहकर सूचना देने से इनकार कर दिया गया कि आवेदक पहले अपने बारे में और मांगी गई जानकारी का उद्देश्य बताए। इस जवाब ने अधिवक्ताओं को आश्चर्यचकित कर दिया है, क्योंकि ऐसी जानकारी सार्वजनिक हित में आती है और पारदर्शिता के सिद्धांतों के अनुरूप आसानी से उपलब्ध होनी चाहिए।

## भाजपा का सघन पौधारोपण अभियान, हर बूथ पर लगाए जाएंगे 50 पौधे:— मदन

**जयपुर, 12 जुलाई 2025।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से शुरू किए गए वन एवं पर्यावरण अभियान के तहत प्रदेश भर में मानसून के दौरान सघन पौधारोपण किया जाएगा। इसके लिए भाजपा प्रत्येक बूथ पर 50 पौधे लगाएगी। इसके लिए बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ता के साथ आमजन की भी सहभागिता रहेगी। राठौड़ ने कहा कि शनिवार को अभियान के प्रदेश स्तरीय टोली की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पौधरोपण लक्ष्य के साथ पौधों के सरंक्षण की भी जिम्मेदारी तय करने का निर्णय लिया गया।




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने हरित राजस्थान के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रदेशवासियों से पौधरोपण का आह्वान किया। राठौड़ ने कहा कि पौधरोपण राजनीतिक मुद्दा नहीं है, इसमें हर पार्टी के लोगों को जुड़ना चाहिए, अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। आमजन की सहभागिता बढ़ने पर हमारा राजस्थान हरियाली की ओर तेजी से बढ़ेगा। ऐसे में भाजपा के कार्यकताओं के साथ जनप्रतिनिधि भी इस अभियान से जुडेंगे और अपने क्षेत्रों में पौधारोपण अभियान चलाएगे।

भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने बताया कि शनिवार को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर? सिंह जोधा, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी, नारायण मीना, प्रेम सिंह बनवासा, श्याम शर्मा, निलम गुर्जर, श्याम सिंह राजावत सहित वरिष्ठ कार्यकताओं की टोली से प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अभियान को लेकर संवाद किया। बैठक में पौधरोपण के साथ उनके सरंक्षण के लिए पौध पालक भी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही सघन वृक्षारोपण अभियान के लिए भाजपा ने सभी जिलों में जिला संयोजकों की नियुक्ति कर दी है

## जनसंख्या नियंत्रण केवल सरकारी एजेंडा नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी: जिलाधिकारी

**जनसंख्या नियंत्रण** के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना और योग्य दंपतियों को स्थायी व अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों के बारे में परामर्श व सेवा प्रदान करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। जिसको लेकर विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जिले भर में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। सदर अस्पताल परिसर स्थित सभागार में एक महिला लाभार्थी को अंतरा गर्भनिरोधक टढअ सब कुटेनियस की सुई लगाकर इसका शुभारंभ किया गया है। जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या केवल संख्या नहीं बल्कि संसाधनों पर बढ़ता बोझ है।



अगर हमें अगली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन देना है, तो हमें सबसे पहले परिवार नियोजन को अपनाना होगा। क्योंकि जनसंख्या नियंत्रण केवल सरकारी एजेंडा नहीं बल्कि हर नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। इसी को लेकर 11 से 31 जुलाई तक चलने वाला परिवार स्थिरीकरण पखवाड़ा एक ऐसा प्रयास किया गया है, जो ना सिर्फ स्वस्थ समाज बल्कि सशक्त अगली पीढ़ी की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि परिवार नियोजन को लेकर समाज में अब भी कई मिथक और भ्रांतियां व्याप्त हैं। विशेष रूप से पुरुष नसबंदी को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में यह गलतफहमी है कि इससे पौरुष शक्ति में कमी आ जाती है। वहीं कुछ लोग ठंड के मौसम में ही ऑपरेशन करवाने की बात कहते हैं, जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण से गलत है।

पुरुष नसबंदी महिलाओं की तुलना में अधिक सरल, सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया है। इसमें न तो कोई कमजोरी आती है,

और न ही कार्यक्षमता पर प्रभाव पड़ता है। लेकिन मिथकों को तोड़कर जिम्मेदार पिता और पति बनने की सोच को अपनाने की जरूरत है।

## प्रकृति संरक्षण की प्रेरणा बनीं 'ग्रीन लिटिल बेबी' श्रेया कुमावत"??

**सुरज वर्मा**

शाहपुरा शहर में आदर्श विद्या मंदिर,गांधीपुरी में आयोजित वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम के दौरान 'ग्रीन लिटिल बेबी' के नाम से विख्यात श्रेया कुमावत को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर विद्यालय परिवार द्वारा उपरणा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्गा लाल जांगिड़ ने श्रेया की प्रशंसा करते हुए कहा, "आज की युवा पीढ़ी को श्रेया कुमावत से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनका कार्य न केवल विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए, बल्कि संपूर्ण देश की नव युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।"कार्यक्रम में श्रेया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्रा को कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए और उन पौधों के बड़े होने तक उनकी देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी खुद उठानी चाहिए।एवं सिंगल यूज प्लास्टिक प्रदूषण धरती ओर मानव जीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा है , दैनिक जीवन मे हम इनका कम उपयोग करके एवं छोटे छोटे उपाय से प्लास्टिक प्रदूषण कम कर सकते हैं।अंत मे बच्चों को सीड बॉल की पूर्ण जानकारी बताते हुए इनका ऋतु में अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए अपील किया।श्रद्धा, समर्पण और हरियाली के प्रति जुनून से ओत-प्रोत श्रेया का यह संदेश नन्हे विद्यार्थियों के मन में पर्यावरण के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का बीज बो गया।

कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी गुरुजन एवं दीदी जी एवं भैया, बहने आदि उपस्थित रहे। विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया

## सेवा भाव समिति ने मंत्री धर्मवीर प्रजापति का जन्मदिन रिटर्न ऑफ द गिफ्ट की तरह मनाया

**देश का दर्पण न्यूज।। उत्तर प्रदेश से संवाददाता।। प्रमोद शर्मा की रिपोर्ट**

**आगरा।** जन्मदिन को हम में से ज्यादातर लोग या तो होटल-रेस्टोरेंट में पार्टी करके सेलेब्रेट करते हैं, या घर पर फैमिली गेट-टुगेदर करके इसे मनाते हैं। लेकिन क्या कभी आपने अपने जीवन के इस खास दिन को ऐसे अंदाज से मनाने की सोची है जो इस प्रकृति के लिए किसी 'रिटर्न गिफ्ट' की तरह हो। जी हां हम आपको बताते है कि शनिवार को सेवा भाव समिति के द्वारा मंत्री धर्मवीर प्रजापति (होमगार्ड नागरिक सुरक्षा मंत्री) का जन्मदिन कुछ इसी तरह की सोच के साथ 62 वे जन्मदिन को अनूठे अंदाज से मनाया गया। मंत्री धर्मवीर के जन्मदिन पर 62 वृक्षारोपण वितरण करके मनाया। सेवा भाव समिति अध्यक्ष सुमित कुमार प्रजापति और उनकी टीम के इस अंदाज की हर कोई सराहना कर रहा है। मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि इस प्रकृति ने हमें इतना कुछ दिया



है जिसे जितना लौटाओ उतना कम है। वृक्षारोपण का कार्यक्रम सेवा भाव समिति ने जो मेरे जन्मदिन पर शुरू करके यह एक नई पहल की शुरूआत की है। सभी इस पहल को बनाए रखें। दीन दयाल मंडल अध्यक्ष राहुल जैन ने बताया कि सेवा भाव समिति बन गई औरों के लिए प्रेरणा। सेवा भाव समिति की इस अनूठी पहल अब औरों के लिए प्रेरणा बन गई है। जन्मदिन पर पौधरोपण करने के अंदाज को देखते हुए जनपद के अन्य नागरिकों ने भी अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करने का मन बना लिया है। मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने सेवा भाव समिति की सराहना करते हुए कहा कि सभी लोग अपने जन्मदिन पर ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में अपना योगदान दें। देने

## बकरियों को निकालने के प्रयास में बेटी और बचाने गई मां फार्म पोंड में डूबी, दोनों की मौत

**सुरज वर्मा**

शक्करगढ़ थाना क्षेत्र में बकरियों को निकालने फार्मपोंड में उतरी बेटी,जबकि उसे बचाने के प्रयास में मां भी डूब गई।

हादसे में दोनों की मौत हो गई। घटना, शक्करगढ़ थाने के कालबेलियों का झोंपड़ा गांव की बताई गई है। इस हृदयविदारक घटना से गांव में शोक छा गया। शक्करगढ़ थाने के दीवान गुलामनबी ने बताया कि कालबेलियों का झोंपड़ा, मनोहरपुरा निवासी उदा कालबेलिया की पत्नी पार्वती 42 व बेटी मीना 12 शनिवार को बकरियां चराने गांव के नजदीक सरकारी फार्म



पोंड के पास गई थी। जहां बकरियां पोंड में चली गई, जिसे मीना निकालने लगी, जो गहराई में जाने से डूब गई। बेटी को डूबता देखकर उसकी मां पार्वती पोंड में उतरी, लेकिन वह बेटी को नहीं बचा पाई और खूद भी डूब गई। इसके चलते दोनों की मौत हो गई। सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व शक्करगढ़ थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से मां-बेटी के शवों को अथक प्रयास कर फार्मपोंड से निकाला। दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए काछोला अस्पताल भिजवा दिये गये, जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये। उधर, मां-बेटी की मौत की खबर जब कालबेलियों का झोंपड़ा व आस-पास के गांवों में पहुंची तो शोक छा गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

## पौधे लगा सुरक्षा की जिम्मेदारी ली, सरपंच प्रतिनिधि ने तीन दिन में दो लाख रुपए की लागत से तार बंदी कराने की घोषणा की

**सुरज वर्मा**

शक्करगढ़ क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विधालय भीमपुरा में जन प्रतिनिधियों एसएमसी अध्यक्ष एवम छात्र छात्राओं ने अभिभावकों के साथ हरियालो राजस्थान



अभियान के अंतर्गत विधालय प्रांगण एवम खेल मैदान में 500 से ज्यादा पौधे लगा सुरक्षा की जिम्मेदारी ली संस्था प्रधान बाबूलाल रैगर ने बताया की स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि नंदलाल मीणा ने पौधो की सुरक्षा के लिय तीन दिवस में विधालय परिसर एवम खेल मैदान की तार बंदी के लिय 2 लाख रुपए की घोषणा की एवम तीन दिवस में कार्य चालू कराने की बात कही एसएमसी अध्यक्ष भेरू सिंह कानावत ने विधालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिय पूरे सत्र में समस्त शिक्षण सामग्री ( बेग , पेंसिल ,पेन , कॉपी,ज्यामिति बॉक्स ,इत्यादि) खर्चा निर्वाहन करने के साथ 15 अगस्त के दिन विधालय में वाटर कूलर भेंट करने घोषणा की वार्ड पंच दयाराम मीना सहित समस्त ग्राम वासी मोजूद रहे

## -मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सहकार से समृद्धि की भावना के साथ कमजोर वर्ग को सशक्त बना रही राज्य सरकार

**जयपुर, 11 जुलाई। अन्त्योदय के संकल्प को साकार करने में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है।** सहकारिता के महत्व के दृष्टिगत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2025 को अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। राज्य सरकार ह्यसहकार से समृद्धिह्न की भावना के साथ समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सहकारिता विभाग ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। राज्य में नई सरकार के गठन से लेकर 30 जून, 2025 तक केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा 75.52 लाख किसानों को लगभग 42 हजार 131 करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण वितरित किये गए हैं। वर्ष 2025-26 में 35 लाख कृषकों को 25 हजार करोड़ रुपये के अल्पकालीन ऋण वितरित किये जाने का राज्य बजट में प्रावधान किया गया है। वहीं केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा उक्त अवधि में 805 करोड़ रुपये से अधिक के मध्यकालीन ऋण वितरित किये गए हैं। राजस्थान राज्य सहकारी बैंक एवं प्राथमिक भूमि विकास बैंकों द्वारा इस दौरान लगभग 232 करोड़ रुपये के दीर्घकालीन ऋण वितरित किये गए हैं। इसी प्रकार, राज्य में नवीन सहकारी समितियों का गठन बड़े स्तर पर किया जा रहा है। जून, 2025 तक 216 नये पैक्स, 97 नये लैम्प्स और 313 नवीन ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन किया गया है। राज्य बजट 2025-26 में आगामी दो वर्षों में शेष रही समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन का प्रावधान किया गया है। इसके लिए समिति गठन के प्रावधानों में शिथिलता दी गई है। उक्त अवधि के दौरान 412 कस्टम हायरिंग सेंटर्स की स्थापना की गई है। वहीं, ग्राम सेवा सहकारी समितियों में 212 नये गोदामों का निर्माण किया गया है। इस अवधि में नये गोदामों के निर्माण पर लगभग 28 करोड़ रुपये की राशि व्यय की गई है।

राज्य सरकार ने विभिन्न नई योजनाएं लागू कर किसानों और पशुपालकों को सशक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। बजट वर्ष 2024-25 में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को 6000 रुपये के अतिरिक्त 2000 रुपये दिए जाने के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का प्रावधान किया। योजना के तहत 30 जून, 2024 को 65 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 1000 रुपये प्रति कृषक के अनुसार कुल 653 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। योजना की दूसरी और तीसरी किश्त 70.21 लाख किसानों को 1000 रुपये प्रति कृषक के अनुसार कुल 702.18 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। राज्य सरकार ने बजट वर्ष 2025-26 में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत दी जाने वाली वार्षिक वित्तीय सहायता राशि 2000 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये कर दी है।

# वैध खनन को बढ़ावा देने की दिशा में मुख्यमंत्री शर्मा महत्वपूर्ण निर्णय

## क्वारी लाइसेंस धारकों एवं अप्रधान खनिज लीज धारकों को राहत

**जयपुर, 12 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने क्वारी** लाइसेंस धारकों एवं अप्रधान खनिज लीज धारकों को राहत प्रदान करते हुए खनन पट्टों की अवधि वृद्धि के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने की तारीख 30 सितम्बर, 2025 तक बढ़ाने जाने की प्रशासनिक अनुमति प्रदान की है। इसके लिए राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली-2017 के नियम 9 (3ए) एवं नियम 10 (3ए) में संशोधन किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री के इस निर्णय से जहां राज्य सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी, वहीं अवैध खनन पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। साथ ही, अवधि समाप्त क्वारी लाइसेंसों के डेलिनियेशन की कार्यवाही में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से निजात मिलने के कारण करीब 2500 क्वारी लाइसेंस धारकों को राहत मिलेगी। विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया गया था कि खान एवं भूविज्ञान विभाग के



डीएमजी ऑनलाइन सिस्टम पर क्वारी लाइसेंस के डाटा ऑनलाइन अपडेट नहीं होने से बहुत से क्वारी लाइसेंसधारक अवधि वृद्धि का ऑनलाइन आवेदन पूर्व में निर्धारित तारीख 31 मार्च, 2025 तक करने से वंचित रह गए थे। उल्लेखनीय है कि वैध खनन को बढ़ावा देने और खनिज क्षेत्र में ईज ऑफ डूइंग पर जोर देते हुए नियमों के सरलीकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है।

इस क्रम में अप्रधान खनिजधारकों को लीज अवधि बढ़ाने के लिए अलग-अलग स्तर पर आवेदन करने की आवश्यकता समाप्त करते हुए अप्रधान खनिज लीज अवधि में वृद्धि के अधिकार संबंधित खनिज अभियंता व सहायक अभियंता को दिए गए हैं। इसी प्रकार, अप्रधान खनिज के खनन पट्टों और क्वारी लाइसेंस की अवधि वर्ष 2040 तक बढ़ाए जाने के बाद देय प्रीमियम राशि एकमुश्त जमा कराने में असुविधा को देखते हुए अधिकतम पांच किश्तों में प्रीमियम राशि जमा कराने की छूट प्रदान कर दी गई है। राज्य सरकार के इन निर्णयों से अप्रधान खनिज लीज व क्वारी लाइसेंस धारकों को बड़ी राहत मिली है।

# डिजीटल अरेस्ट और फिनटैक साइबर ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** साइबर क्राइम नियन्त्रण के लिये गठित एस0आई0टी0 टीम ने डिजीटल अरेस्ट कर फिनटैक साइबर ठगी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त राजा सेन उर्फ रियो पुत्र रामदीन सेन उम्र 21 वर्ष निवासी ऐशबाग कॉलोनी भोपाल मध्य प्रदेश को दिउरिया मोड थाना रोजा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा डिजीटल अरेस्ट तथा फिनटैक साइबर फ्रॉड की दो टीमें लगाकर साइबर ठगी की गयी थी। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह विभिन्न टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ा था, जहां हाई लिमिट के करंट/कॉर्पोरेट अकाउंट्स की मांग की जाती थी। अभियुक्त ने बताया कि वह अपने साथियों से प्राप्त कर-के टेलीग्राम ग्रुप्स में साझा कर देता था और बदले में क्रिप्टो वॉलेट में वरऊळ के रूप में भुगतान प्राप्त करता था।

अभियुक्त के पास से 01 Iphone 16 pro max मोबाइल, 01 Samsung g मोबाइल, 02 एटीएम कार्ड, 2150/-रु0 नगद, 01 पैनकार्ड और 04 सिमकार्ड बरामद किए गए हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार शुक्ला, का0 पुष्पेन्द्र कुमार, प्रभारी एस0ओ0जी0 मय टीम और प्रभारी सर्विलॉस सैल मय टीम शामिल थे।

## न्यूज फ्लैश

### र्‌दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दंपती की मौत



**देश का दर्‌पण. दैनिक अखबार पत्रकार न्यूज. राकेश कोठेनिया हलेना**

**भरतपुर.==** शहर के सारस चौराहे पर शनिवार को एक दर्‌दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दंपती की मौत हो गई। हादसे के बाद टैंकर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर सारस चौकी पुलिस और मथुरा गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और काय्रवाई शुरू की। दंपती के शव और क्षतिग्रस्त बाइक डिवाइडर के पास पड़े मिले। पुलिस ने मौके से टैंकर को जब्त कर लिया है। सारस चौकी इंचार्‌ज एएसआई राधा किशन ने बताया कि मृतकों की पहचान नेत्रपाल गुर्‌जर (36) और उनकी पत्नी कृपा (32) निवासी हेलक के रूप में हुई है। उनके शवों की तलाशी में मिले दस्तावेजों के आधार पर शिनाख्त हुई। दोनों के शवों को आरबीएम अस्पताल की मोर्‌चरी में रखवाया गया है। एएसआई राधा किशन के अनुसार, नेत्रपाल खेती-किसानी करता था। उनके तीन बच्चे भरतपुर के पुलिस लाइन क्षेत्र में मामा मुरारीलाल के यहां रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। माता-पिता शनिवार को बच्चों से मिलने के बाद हेलक लौट रहे थे, तभी सारस चौराहे पर टैंकर ने बाइक को साइड से चपेट में लेते हुए दोनों को कुचल दिया। बेटी निधि बीएसटी कर रही है, नेहा ने एसटीसी किया है और बेटा दुर्‌गेश 12वीं कक्षा में पढ़ रहा है। फरार टैंकर चालक की तलाश की जा रही है।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव कवारतन के शहीद संजय सिंह को अर्पित किए श्रद्धा सुमन



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को गांव कवारतन में शहीद संजय सिंह के घर पहुंच कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने परिवार जनों से मुलाकात की और उन्हें ढाढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शहीद के परिवार के साथ खड़ी है। परिवार की नियमानुसार हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने वीर जवानों पर गर्व है।

बता दें कि भारतीय सेना की 10 सिक्ख रेजिमेंट में तैनात हवलदार संजय सिंह की तबीयत ड्यूटी के दौरान अचानक बिगड़ गई थी, जिसके चलते गत दिनों उनका देहांत हो गया था। संजय सिंह वर्तमान में लेह-लद्दाख में तैनात थे।

इस मौके पर उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, जिला परिषद के अध्यक्ष कर्मवीर कौल, हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रवि तारांवाली, बलजीत सैनी, गुरिया राम, दर्शन सैनी, जागर फौजी, मिठू राम सैनी, डॉ शमशेर, सतीश आदि मौजूद रहे।

# जर्जर मकान को गिराने का किराएदार नहीं कर सकता विरोध: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक निर्णय में कहा है कि किरायेदार जर्जर इमारत को गिराने का विरोध नहीं कर सकते। जीवन की सुरक्षा उत्तर प्रदेश शहरी परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम, 2021 के तहत व्यक्तियों के व्यक्तिगत अधिकारों से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने भवन गिराने की अनुमति दे दी है।

न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने कहा, किराएदार भवन के शीघ्र विध्वंस पर आपत्ति करने के हकदार नहीं होंगे। खासकर तब जब अधिकारियों ने उक्त परिसर का निरीक्षण किया हो और इसे ध्वस्त करना अनिवार्य माना हो। भवन के जीर्ण-शीर्ण होने और व्यक्तियों के जीवन को खतरा पैदा करने के कारण व्यक्तियों के जीवन की सुरक्षा के लिए अधिनियम, 1959 के तहत लागू योजना को व्यक्तिगत आवेदकों के किरायेदारी अधिकारों की सुरक्षा पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

अलीगढ़ निवासी अशोक कुमार गुप्ता की याचिका स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने यह टिप्पणियां की। याची ने जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पुलिस बल उपलब्ध कराने के लिए उचित निर्देश जारी करने की प्रार्थना की थी। अलीगढ़ नगर निगम ने उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा 331(1) के तहत पहली अक्टूबर 2024 को नोटिस जारी कर सुदामा पुरी, रामघाट रोड, स्थित उसकी उस इमारत को ध्वस्त करवाने का आदेश दिया था जो ह्लरमा देवी भवनह्ल के नाम से प्रसिद्ध है।

याची की तरफ से कहा गया कि इमारत लगभग 100 साल पुरानी और जीर्ण-शीर्ण है। रखरखाव और मरम्मत संभव नहीं है। नगर निगम ने भी निरीक्षण के बाद पाया था कि इमारत को गिराना जरूरी है।

# मानव तस्करी पर राजस्थान पुलिस का कदम

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन जयपुर में

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र** कुमार सोनी

मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराध के खिलाफ लड़ाई में राजस्थान पुलिस एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों के क्रम में राजस्थान पुलिस मुख्यालय की सिविल राइट्स एवं एएचटी शाखा 18 जुलाई, 2025 से जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन कर रही है। यह सम्मेलन 19 जुलाई तक चलेगा। महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स मालिनी अग्रवाल ने बताया कि यह अहम कदम गृह मंत्रालय, महिला सुरक्षा डिवीजन, भारत सरकार के उप सचिव (ढफ&अळउ) द्वारा जारी पत्र दिनांक 11 मार्च, 2024 और 16 जून, 2025 के अनुपालन में उठाया गया है। इन पत्रों में मानव तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और रणनीतियों को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया था, जिस पर गहन मंथन आवश्यक था। इस दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श करना है। इसमें तस्करी के बदलते स्वरूप, पीड़ितों की पहचान और बचाव, उनके पुनर्वास के तरीके, और अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर खास जोर दिया जाएगा। यह सम्मेलन राज्य भर के पुलिस अधिकारियों और संबंधित हितधारकों के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगा। यहां वे अपने अनुभव साझा कर सकेंगे, चुनौतियों पर चर्चा कर सकेंगे, और मानव तस्करी को रोकने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए प्रभावी समाधानों पर मंथन कर पाएंगे। ऐसी उम्मीद है कि इस सम्मेलन से मानव तस्करी के खिलाफ लड़ाई में नई रणनीतियाँ और ठोस कदम सामने आएंगे। सम्मेलन का आयोजन महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल के नेतृत्व में हो रहा है। उनकी टीम इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी तरह से जुटी हुई है।

# रामपुर गार्डन में बीडीए की बड़ी कार्रवाई

**बरेली।** रामपुर गार्डन स्थित एक बड़े कारोबारी द्वारा बिना मंजूरी बनाए गए टीन शेड और उसमें चल रहे ब्लिंकिट गोदाम पर शुक्रवार को बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने सख्त कार्रवाई करते हुए सील कर दिया है। बीडीए अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि अब शहर में बिना नक्शा पास कराए एक भी निर्माण नहीं होगा।

**500 वर्ग मीटर में खड़ा था टीनशेड**

बीडीए के वीसी डॉ. मनिकंदन ए. के मुताबिक, कारोबारी शिव कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. महेन्द्र शरण अग्रवाल ने कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बाग इलाके में 500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में टीनशेड खड़ा कर वहां कारोबार शुरू कर दिया था। न तो बीडीए से नक्शा पास कराया गया था और न ही कोई वैध अनुमति ली गई थी।




शुक्रवार को संयुक्त सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता अजीत कुमार साहनी, संदीप कुमार और प्रवर्तन टीम मौके पर पहुंची और मौके का निरीक्षण कर अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। बीडीए अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि जिले भर में बिना स्वीकृति किए गए निमार्णों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। यदि किसी ने नक्शा पास कराए बिना निर्माण किया तो न केवल सील लगेगी, बल्कि जरूरत पड़ी तो निर्माण को ध्वस्त भी किया जाएगा।

प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि मकान या दुकान खरीदने से पहले यह जरूर सुनिश्चित कर लें कि संपत्ति का नक्शा बीडीए से पास है या नहीं। सभी जरूरी दस्तावेजों की पुष्टि के बाद ही सौदा करें, वरना आगे चलकर भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है।

### दिल्ली-मेरठ मार्ग पर अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा, 5 घायल

**मुरादनगर।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल के पास अनियंत्रित होकर एक ई-रिक्शा पलट गया। हादसे पांच लोग घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।बृहस्पतिवार दोपहर करीब एक बजे एक ई-रिक्शा सवारी लेकर जलालाबाद की ओर से मुरादनगर जा रहा था।

जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल पहुंचा तो ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। ई रिक्शा पलते ही सवारियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने किसी तरह ई-रिक्शा को सीधा करके सवारियों को बाहर निकाला। सभी को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।

# बंडा पुलिस की बड़ी सफलता :चोरी का खुलाशा कर लाखों के माल सहित आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** बंडा थाने पर 1 जुलाई को दीपक गुप्ता पुत्र विश्राम गुप्ता निवासी मियापुर सनबात थाना बंडा ने अपने घर में हुई चोरी जिसमें लाखों रुपए के गहने व नगदी की रिपोर्ट अज्ञात चोरों के विरुद्ध दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट दर्ज करने बाद एसपी के आदेश पर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार राय के नेतृत्व में टीम ने चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिये जिसमें 11 जुलाई को बंडा पुलिस के हाथ सफलता लगी टीम ने चोरी के माल सहित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना बण्डा पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए चोरी के मुकदमे में फरार चल रहे 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है, जिसमें एक जोड़ी कान की झुमकी,एक मांग बेदा,दो मंगलसूत्र,एक अंगूठी,एक कमर बिछुआ,एक जोड़ी खड्डुआ,तीन जोड़ी पायल शामिल है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शिवम पुत्र स्व0 रामभजन उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम दलेलपुर जगदीशपुर और सोनपाल पुत्र राजेंद्र प्रसाद उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम मियांपुर सनबात थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर के रूप में हुई है।पुलिस ने आरोपियों को शुक्रवार दोपहर आलमपुर पिपरिया से सुनासीरनाथ मंदिर की तरफ जाने वाले गेट के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी सोनपाल ने बताया कि वह शिवम और पंकज जो कि शिवम का बड़ा भाई है तीनों ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था चोरी करने के बाद हम तीनों ने माल को बराबर हिस्सों में बाँट लिया, पंकज ने बाइक और मोबाइल अकेले ही कहीं से चुराया था जिसकी जानकारी सोनपाल और शिवम को नही थी।

# जयपुर में 13 जुलाई को ऊर्जयंत सागर जी मुनि महाराज के 32वें वषायीग पर होगी 32 मंगल कलशों की स्थापना

**जयपुर, 12 जुलाई।**
वरुण पथ, मानसरोवर स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान परम पूज्य उपाध्याय श्री 108 ऊर्जयंत सागर जी मुनि महाराज के 32वें वषायीग के उपलक्ष्य में 13 जुलाई को 32 मंगल कलशों की भव्य स्थापना की जाएगी। यह आयोजन जैन समाज के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। समाज समिति अध्यक्ष एम.पी. जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण से होगी, जो पूज्य गुरुदेव के पावन सान्निध्य में सम्पन्न होगा। इस शुभ



अवसर पर निर्मल कुमार, श्रीमती कमलेश, निमेश, निशा, कृतिका, सिद्धार्थ, बरखा एवं शुभम पाटोदी ध्वजारोहणकर्ता होंगे। पूरे कार्यक्रम का निर्देशन प्रख्यात विधानाचार्य पं. सुरेंद्र सलूंबर द्वारा किया जाएगा। प्रचार संयोजक जिनेश कुमार जैन के अनुसार, ध्वजारोहण उपरांत पूज्य गुरुदेव सहित सभी मंगल कलशों के साथ एक विशाल शोभायात्रा के रूप में गायत्री भवन तक जुलूस निकाला जाएगा। वहां महिला मंडल मानसरोवर एवं देशभर से आए श्रद्धालु पूज्य गुरुदेव का भव्य स्वागत करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर सर्वप्रथम भगवान महावीर स्वामी एवं आचार्य श्री 108 विमल सागर जी महाराज के चित्रों का लोकार्पण संजय, शीला, शक्ति, अपूर्वा, नवीशा एवं बिन्नी काला परिवार द्वारा किया जाएगा। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन का सौभाग्य डॉ. सतीश, डॉ. ममता, रितिका एवं वर्तिका जैन को प्राप्त होगा।समाज समिति मंत्री ज्ञान बिलाला एवं संगठन मंत्री विनेश सोगानी ने बताया कि कार्यक्रम में मंगलाचरण, अध्यक्षीय स्वागत भाषण, गुरुदेव की पूजा, आचार्यों को अर्घ समर्पण एवं अतिथि सत्कार जैसी पारंपरिक गतिविधियाँ सम्पन्न होंगी। कोषाध्यक्ष कैलाश सेठी के अनुसार, पूज्य गुरुदेव के मंगल आशीर्वाद से पूर्व प्रथम कलश के पुण्यार्जक का चयन बोली के माध्यम से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शास्त्र भेंट एवं पाद प्रक्षालन करने वाले परिवार का चयन भी मंच पर ही होगा। कार्यक्रम का समापन जिनवाणी स्तुति एवं आभार प्रदर्शन के साथ किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री सैनी का विपक्ष पर कटाक्ष, कांग्रेस के नेता अपने चश्मे का नंबर चैक करा लें यदि उनको विकास नहीं दिखता

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को यदि प्रदेश में विकास नहीं दिख रहा तो वे अपने चश्मे का नंबर चैक करवा लें। कांग्रेस के नेता अपनी सरकार के समय को याद कर लें जब नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। जबकि




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले लगभग 11 वर्षों में हरियाणा में डबल इंजन की सरकार लगातार हर क्षेत्र का समान रूप से विकास कर रही है और लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे रही है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को कैथल में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार ने जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और जन-जन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने में नया आयाम रचा है। सेवा वितरण प्रणाली में पारदर्शिता, सरलता और गति लाकर यह सुनिश्चित किया गया है कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और सुलभ तरीके से पहुँचे। परिवार पहचान पत्र जैसी अभिनव पहल के जरिए योजनाओं की सीधी पहुँच नागरिकों तक बनी है।

# पुलिस और राजस्व की टीम के सामने युवक ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह का किया प्रयास

**अमेठी।** अमेठी कस्बे के अंतू रोड पर शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एसडीएम के आदेश पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम के अवैध कब्जे को हटाने लगी। इसी दौरान कब्जाधारी युवक ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस और राजस्व की टीम ने युवक के मंसूबे को नाकाम करते हुए उसे अपने साथ ले गई।

उप जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि अंतू प्रतापगढ़ रोड पर तहसील से मात्र सौ मीटर




आवास और जमीन पर ग्राम रेम्भा निवासी आनंद कुमार मिश्र ने कब्जा कर लस्सी की दुकान खोल ली है। उसे हटवाने के लिए पांच जुलाई को उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने एक प्रार्थना पत्र दिया था। इसका संज्ञान लेकर

टीम गठित कर कब्जा हटाने के निर्देश दिए गये थे। इससे पहले टीम ने उसे नोटिस भी दी थी, लेकिन उसने उस पर अमल नहीं किया। शुक्रवार को जब टीमें कब्जा हटाने पहुंची तो आनंद ने विरोध किया।बाइक से पेट्रोल निकालकर अपने ऊपर उड़ेलना लगा तो वहां मौजूद पुलिस ने उसे पकड़कर अपने साथ ले गई। आरोपी का कहना है कि और भी लोगों ने कब्जा किया हुआ है उनका नहीं हटवाया जा रहा है। प्रशासन बेवजह उसे परेशान करने में लगा है। युवक के परिजन भी

# सिवान में दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान में लूट, 12 लाख के गहने लेकर अपराधी फरार

**सिवान, 12 जुलाई 2025:** बिहार के सिवान जिले के दरौंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत बगौरा न्यू मार्केट में बुधवार को दिनदहाड़े एक सनसनीखेज लूट की घटना सामने आई है। चार हथियारबंद अपराधियों ने स्वर्ण व्यवसायी दिलीप सोनी की दुकान, प्रिंस ज्वेलर्स एंड बर्तन भंडार, पर धावा बोलकर लगभग 10 से 12 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। घटना के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब दिलीप सोनी अपनी दुकान पर मौजूद थे। दो बाइकों पर सवार चार नकाबपोश अपराधी दुकान में घुसे और पिस्तौल के बल पर दुकानदार को धमकाया। एक महिला ग्राहक के दुकान में मौजूद होने के बावजूद अपराधियों ने दुकानदार के साथ मारपीट की और उनके सिर पर पिस्तौल के बट से प्रहार कर घायल कर दिया। इसके बाद, उन्होंने दुकान से करीब 12 लाख रुपये मूल्य के आभूषण लूट लिए और पूरब दिशा की ओर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल दुकानदार को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना पर दरौंदा पुलिस, सारण रेंज के डीआईजी नीलेश कुमार, और सिवान के एसपी मनोज कुमार तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और लूट में शामिल गिरोह की पहचान कर ली गई है। एसपी मनोज कुमार तिवारी ने दावा किया कि 24 घंटे के भीतर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है। सिवान और सारण जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।


घटना स्थल के पास से चार जिन्दा गोली बरामद हुआ

घटना के बाद बगौरा न्यू मार्केट और आसपास के इलाकों में व्यापारियों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने और बगौरा में स्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की है
पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना ने एक बार फिर सिवान जिले में बढ़ते अपराध और पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं।

## केबिनेट मंत्री ने किया अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण



**जयपुर/पाली, 12 जुलाई।** पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने पाली जिले के प्रवास दौरान शनिवार को गिरादड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान मंत्री श्री कुमावत ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कर ग्रामीण महिलाओं को भी पौधे वितरित किए गए। साथ ही मंत्री ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुपालकों को बीमा पॉलिसी वितरित की।
कार्यक्रम के दौरान केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने गिरादड़ा जागीर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवादिया व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बल्दो की ढाणी में विधायक कोष से निर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया। इसी तरह विधायक कोष से निर्मित गुलाबपुरा में तालाब की दीवार, आम चौके से आई माता वडेर की तरफ सीवरेज पाइपलाइन, दाकू देवी के घर से गंदे नाले की तरफ सीवरेज पाइपलाइन बिछाने संबंधी कार्य का लोकार्पण किया गया।
इसके बाद मंत्री जोराराम कुमावत ने गिरादड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गिरादड़ा से जवड़िया की तरफ सीवरेज कार्य, जवड़िया में खीमाराम देवासी के घर से बांडी नदी की तरफ नाला निर्माण कार्य तथा बल्दों की ढाणी में भगाराम आदाजी के घर से वेनाराम मेघवाल के घर की तरफ सीसी मय नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा सुनिश्चित करें : मंत्री राकेश सिंह

**भोपाल/ब्यूरो** । लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सागर कलेक्ट्रेट में लोक निर्माण विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सागर संभाग में संचालित 20 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले सड़क, पुल और भवन निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर मंत्री राकेश सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निमार्णाधीन कार्य निर्धारित समयसीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि ह्लोक निर्माण से लोक कल्याणह्व की भावना के अनुरूप जनहित को प्राथमिकता देते हुए निर्माण कार्यों का क्रियान्वयन किया जाए।




समीक्षा बैठक में 48 निर्माण कार्यों पर चर्चा हुई, जिनमें 7 सड़क निर्माण, 25 भवन निर्माण, 10 पुल निर्माण, 5 राष्ट्रीय राजमार्ग एवं 1 राज्य राजमार्ग से संबंधित कार्य सम्मिलित थे। मंत्री सिंह ने विलंबित कार्यों की प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए उनकी साप्ताहिक मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। प्रत्येक कार्य की समय-सीमा तय कर उसकी सतत समीक्षा करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

## भारतीय भाषा में अध्यापन के केंद्र बनेंगे विश्वविद्यालय : मंत्री परमार

**भोपाल/ब्यूरो।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में शनिवार को सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय भोपाल के सभाकक्ष में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत "भारतीय ज्ञान परंपरा शीर्ष समिति" की बैठक हुई। उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर अध्यादेश 14(1) एवं अध्यादेश 14(2) के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश के 10 संभागों में समयपूर्वक कार्यशालाओं के आयोजन कर व्यापक रूप से विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों तक लागू अध्यादेशों से अवगत कराने के निर्देश दिए। मंत्री परमार ने विश्वविद्यालय स्तर पर पाठ्यक्रमों के लिए कार्यशालाओं के आयोजन भी समयपूर्वक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## जिले के सभी थानों ने किया बैंकों का निरीक्षण, जांची सुरक्षा व्यवस्था

**धमतरी/ब्यूरो** । जिले में बैंकिंग प्रणाली की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं आम लोगों की जमा पूंजी की रक्षा के उद्देश्य से धमतरी जिला पुलिस द्वारा सभी थानों के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बैंक परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का सूक्ष्मता से अवलोकन करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।
एसपी धमतरी सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर जिले के सभी थानों ने राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बैंक के सभी शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच, सीसीटीवी, अलार्म सिस्टम और गार्ड की तैनाती को लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिया । इसके साथ ही बैंक प्रबंधकों व कर्मचारियों को साइबर फ्राड, ए टी एम क्लोनिंग, फर्जी केवायसी और सोशल इंजीनियरिंग के नए तरीकों से अवगत कराया गया। उन्हें सजग रहकर कार्य करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना को देने के लिए निर्देशित किया।सीसीटीवी कैमरे की स्थिति एवं कवरेज एरिया की जांच सुनिश्चित किया गया। सभी कैमरे कार्यशील हों, उनका एंगल उपयुक्त हो और रिकार्डिंग न्यूनतम 30 दिनों तक संग्रहित हो। अलार्म एवं इमरजेंसी सिस्टम की कार्य शीलता देखा गया। डकैती एवं संदिग्ध परिस्थिति में अलार्म प्रणाली सक्रिय होकर त्वरित प्रतिक्रिया दे। प्रत्येक बैंक में ड्यूटी पर तैनात गार्ड की योग्यता, सतर्कता तथा शस्त्र की स्थिति की समीक्षा की गई। कैश ट्रांजैक्शन के समय बैंक द्वारा उठाए जाने वाले एहतियात और लाकर रूम की निगरानी पर भी चर्चा की गई।




## कांग्रेस ने आवापल्ली में शराब दुकान खोलने के विरोध में किया प्रदर्शन

**बीजापुर/ब्यूरो।** जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उसूर के नेतृत्व में आवापल्ली गांव में खोले गए शराब दुकान के विरोध में आज शनिवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तब बंद स्कूलो को खोलने का काम किया, कॉलेज खोला, अस्पताल बनाने का काम किया, नए सड़क बनाये, बिजली लगाने, किसानों के लिए धान खरीदी के नए केंद्र खोलने, सामाजिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए देवगुड़ी बनाने, वनाधिकारी पट्टा देने, शुद्ध पानी पहुंचाने, युवाओं को रोजगार और नौकरी देने व राशन दुकान खोलने जैसे विकास के अनेक काम किये हैं।
वही दूसरी तरफ प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है जो स्कूल, अस्पताल खोलने के बजाय उन्हें बंद कर शराब की दुकान खोलने में लगी, ये दुर्भाग्यपूर्ण है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसौद में एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति के लिए सीएमओ को दिया ज्ञापन

**कोरबा/ब्यूरो** । सक्ती जिले क्षेत्र के हसौद में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस डॉक्टर नहीं रहने से क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में गांव के लोगों में बीमारियों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। ऐसे में बेहतर इलाज के लिए हसौद क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ही एकमात्र विकल्प है और वर्तमान समय में एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति नहीं है। इसको लेकर हसौद जनपद सदस्य विजय केशी ने आज शनि?वार को जिला चिकित्सा अधिकारी सक्ती से एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति की मांग की है। जिला चिकित्सा अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि बहुत ही जल्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसौद में एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके।




**LDC** भर्ती 2024 डीवी के दौरान 78 अभ्यर्थियों के डीवी में फेस स्कैनिंग तो हो गया था लेकिन थम्ब इम्प्रैशन नहीं हो पाया था ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे अभ्यर्थियों को प्रोविजनल में शामिल कर दिया गया था इस दौरान राजस्थान बेरोजगार यूनियन के नेतृत्व में इनका प्रोविजनल क्लियर करवाने की माँग की जा रही थी अब **RSSB** द्वारा फेस स्कैन के आधार पर सभी 78 अभ्यर्थियों का प्रोविजनल क्लियर कर दिया गया है
जिससे आज राजस्थान बेरोजगार यूनियन कार्यालय पर आज अभ्यर्थियों द्वारा आभार जताया गया ।।

## सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा मध्य रेलवे मे भव्य रक्तदान शिविर एवं कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन।



आज उफ्टर के अध्यक्ष डॉ प्रवीण बाजपेई के निर्देश पर पांचों मंडलों मुंबई भुसावल पुणे सोलापुर नागपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया मुंबई मंडल अध्यक्ष विवेक सिसोदिया सचिव संजीव कुमार दुबे राजकुमार के संयुक्त प्रयास से 160 यूनिट रक्त एकत्रित किया पुणे मंडल अध्यक्ष एस पी सिंह सचिव सुनील मिश्रा के निर्देशन में पुणे एवं मिरज में रक्तदान शिविर में 203 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया भुसावल मंडल में रक्तदान शिविर वृक्षारोपण किया मुख्यालय उपाध्यक्ष वी के समाधिया मुख्यालय सचिव किशोर खोलते मंडल अध्यक्ष मोहम्मद इरफान सचिव एस बी पाटिल समन्वयक ए के तिवारी हरीश तिवारी सुंदरम झा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे 156 यूनिट रक्त एकत्रित किया
महाराष्ट्र में रक्त की कमी को देखते हुए शिविर आयोजित कर रक्त की कमी को पूरा करने में महावीर इंटरनेशनल ट्रस्ट का सहयोग भी मिला ।महावीर इंटरनेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम मोदी सहित सभी पदाधिकारियों ने डॉ प्रवीण वाजपेई को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा आपका कार्य बहुत ही सराहनीय है इस कार्य से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए अब हम सभी ट्रस्टी आपके साथ इस महान कार्य को पूरा करने में साथ सहयोग करतें रहेंगे ।एन एफ आई आर के राष्ट्रीय सहायक महासचिव डॉ प्रवीण बाजपेई का जन्मदिन मध्य रेलवे में इसी श्रंखला में संकल्प लेकर मनाया गया कि एक एक रक्त की बूंद किसी की भी जान-माल की रक्षा करते हुए सेन्ट्रल रेलवे के कर्मचारी एवं संगठन के पदाधिकारी व सदस्यों ने अध्यक्ष के जन्मदिन पर संकल्प लिया है कि जब भी रक्त की कमी आयेगी हम उसे पूरा करने में सक्षम रहेंगे राज्य रक्त संक्रमण परिषद (रइळउ) के निदेशक डॉ पुरुषोत्तम पुरी का स्वागत मंडल अध्यक्ष विवेक सिसोदिया ने किया पुरी ने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन को अच्छा कदम बताया महान कार्य को सार्वजनिक करने की सलाह दी इसे निरन्तर करते रहना चाहिए अध्यक्ष का जन्मदिन बड़े ही उत्साह के साथ मुख्यालय दादर में भी उफ्छर के पदाधिकारियों ने हार पुष्प गुच्छ भेंट कर कोषाध्यक्ष आर जे सिंह कार्यालय के कर्मचारी श्रीमती राजश्री परब श्रीमती लक्ष्मी पनीकर ने भी स्वागत किया महावीर इंटरनेशनल ट्रस्ट का विशेष सहयोग रहा ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी शिविर में शामिल हुये जे जे महानगर रक्त पेटी की वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती नीता डांगे ने कहा कि जब भी रक्त की आवश्यकता होती है तो उफ्टर अध्यक्ष तुरन्त शिविर का आयोजन कर रक्त पूर्ति करने में विशेष सहयोग करतें हैं नीता डांगे व डॉ नर्सिंग पूरे स्टाफ सहित सभी का तहेदिल से डॉ प्रवीण वाजपेई ने सभी का स्वागत एवं धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि जब भी मुंबई में रक्त की कमी होगी सी आर एम एस के जांबाज सिपाही उसे पूरा करने में सामर्थवान है शिविर में कार्यकारी अध्यक्ष वी के सावंत अनिल महेंद्र महासचिव अनिल कुमार दुबे कोषाध्यक्ष रामगोपाल निम्बालकर संयुक्त महासचिव धर्मेश कर्दम एम वाई खान अमीर खान महिला अध्यक्ष शिल्पा पालव श्रीमती दोशी जोनल मीडिया सलाहकार आर बी चतुवेर्दी कार्यकारिणी सदस्य डी वी रमन मतलूव सिद्दीकी राजेन्द्र गुजरे युवा अध्यक्ष गणेश मीना मनतोष मिश्रा धुरंधर आदि
मंडल अध्यक्ष विवेक सिसोदिया सचिव संजीव दुबे का विशेष योगदान रहा राजकुमार मंडल संगठक शांताराम गागुरडे दिनेश भमोडे सहित सभी शाखाओं के अध्यक्ष सचिव सदस्यों ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।महावीर इंटरनेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों का डॉ प्रवीण वाजपेई ने सम्मान करते हुए कहा कि कहा कि आपके ट्रस्ट का कार्य बहुत ही सराहनीय है धनश्याम मोदी ने कहा डॉ प्रवीण वाजपेई के इस पावन
कार्य से प्रेरणा लेनी चाहिए अब हम सभी ट्रस्टी आपके साथ इस महान कार्य को पूरा करने में साथ सहयोग करतें रहेंगे *
ये जानकारी जोनल मीडिया सलाहकार आर बी चतुवेर्दी ने दी

## महिलाओं और बच्चों के संपूर्ण सशक्तिकरण के लिए मप्र सरकार निरंतर प्रयासरत : निर्मला भूरिया




**भोपाल/ब्यूरो।** मध्य प्रदेश अपनी जनजातीय बहुलता और भौगोलिक विविधता के बावजूद, महिलाओं और बच्चों के संपूर्ण सशक्तिकरण के लिये निरंतर प्रयासरत है। गुजरात के केवड़िया में शनिवार को केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित पश्चिमी क्षेत्रीय राज्यों के जोनल सम्मेलन में मध्य प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने राज्य में चल रहे योजनाओं, नवाचारों और जमीनी पहल का प्रभावशाली विवरण प्रस्तुत किया। बैठक केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं की ऑनलाइन नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे लगभग 19,500 पदों की पारदर्शी तरीके से पूर्ति हो रही है। यह प्रक्रिया हर छह माह में रिक्तियों के अनुसार नियमित रूप से संचालित की जाएगी।
उन्होंने बताया कि प्रदेश में एम्स भोपाल के सहयोग से पोषण ट्रैकर डेटा की गुणवत्ता में सुधार किया गया है। कार्यकताओं के लिए नेत्र परीक्षण अभियान भी चलाया जा रहा है, जिससे स्मार्टफोन आधारित ऐप संचालन में उन्हें सुविधा मिले।

## सांगानेर बाजार में ब्लेक मेलर से दु:खी होकर आत्मा हत्या करने वाले व्यापारी भाई पुरुषोत्तम मनवानी को व्यापार महासंघ सांगानेर के पदाधिकारियों ने बचाया

**मालपुरा गेट थाना सांगानेर मामला दर्ज**



सांगानेर बाजार में स्थित पहलवान वाली गली में मेरी एक छोटी सी दुकान हे जिसको नगर निगम द्वारा बेवजह सील कर दी इस दुकान को डीएलबी में 3 लाख 55 हजार की रसीद कटवाकर सील मुक्त करवाया मेरे पड़ोसी जय प्रकाश बुलचंदानी ने मुझे जान से मारने की धमकी दी एव इसके पड़ोस में मेरी एक छोटी दुकान बन रही मेरे परिवार के लालन पोषण के लिए में दुकान बना रहा हु इसको मेरी दुकान बनाने में बहुत दर्द हे आए दिन दुकान बनाने वाले कारीगरों एक मजदूरों को धमाका हे काम बंद कराने की धमकी देता हे मेरे को बहुत प्रताड़ित करता हे इससे सांगानेर नगर निगम जोन के॰ील्ल बलदेव शर्मा इनको जय प्रकाश के कहने पर आए दिन प्रताड़ित करता हे एवं मेरे से दस लाख की मांग की हे दस लाख दे दो यहां दुकान नहीं बनने दूंगा में पुरुषोत्तम मनवानी इतना दु:खी हो गया हु जय प्रकाश बुलचंदानी एवं बलदेव शर्मा ने में आज शाम तक मेरा निर्णय नहीं हुआ तो में जहर खा कर मर जाऊंगा में बहुत दु:खी हो चुका हु में आत्मा हत्या करके मरूंगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जय प्रकाश बुलचंदानी एवं बलदेव शर्मा की होगी

## मुख्यमंत्री ने 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को 1543.16 करोड़ अंतरित किए

**उज्जैन/ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को उज्जैन जिले की ग्राम पंचायत नलवा में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश की 1.27 करोड़ लाडली बहनों को 26वीं किश्त के रूप में 1543.16 करोड़ की सहायता राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की। उन्होंने 30 लाख से अधिक बहनों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर रिफिलिंग के लिए 46.34 करोड़ सब्सिडी राशि तथा 56.74 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 340 करोड़ की पेंशन राशि भी उनके बैंक खातों में अंतरित की।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राखी भाई-बहन के परस्पर स्नेह का बंधन है। यह अनंतकाल से चला आ रहा अटूट बंधन है। राखी आई है, तो भाई का बहन को शगुन देना लाजिमी है। राखी 9 अगस्त को है। इसलिए राखी से पहले हमारी सरकार सभी लाड़ली बहनों को 250 रुपये की अतिरिक्त राशि शगुन के रूप में देगी। दीपावली के बाद आने वाली भाईदूज तक राज्य सरकार सभी लाड़ली बहनों को 1250 से बढ़ाकर हर माह 1500 सहायता राशि देगी। हम यही नहीं रुकेंगे, बल्कि प्रदेश की हर लाड़ली बहन को पक्का मकान भी बनाकर देंगे। उन्होंने राज्य सरकार का संकल्प दोहराते हुए कहा कि लाड़ली बहनों को दी जा रही यह सहायता राशि धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह कर दी जाएगी।
इस अवसर मुख्यमंत्री ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलन एवं कन्या-पूजन के साथ राज्यस्तरीय राशि अंतरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही लाड़ली बहनों का पुष्पवर्षा के साथ अभिवादन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित माता-बहनों ने पवित्र श्रावण मास में मुख्यमंत्री को राखी बांधी।






